# Givaudan
# मानवाधिकार नीति

जनवरी 2021

Givaudan





# मानवाधिकारों का सम्मान करने की हमारी प्रतिबद्धता

हम एक सुदृढ़ उद्देश्य से प्रेरित हैं: प्रकृति के प्रति प्रेम के साथ खुशहाल, स्वस्थ जीवन का सृजन करना। आइए साथ मिलकर सोचें-विचारें। हम दुनिया में अच्छाई के लिए काम करने वाली एक शक्ति बनने का प्रयास कर रहे हैं, इसलिए हमें अपने कामों की जिम्मेदारी लेनी होगी, तथा हम जहाँ भी हैं वहाँ पर हमें समानुभूति और नम्रता के साथ काम करना होगा। हम अपने आस पास मौजूद लोगों पर अपने छोटे-बड़े निर्णयों के प्रभावों का ख्याल रखते हैं। इसमें मानवाधिकारों पर प्रभाव, तथा हमारे बिजनेस (व्यवसाय) से जुड़े किसी व्यक्ति (यों) को नुकसान से बचाना शामिल है।

# मानवाधिकारों का सम्मान करने की हमारी प्रतिबद्धता

Givaudan ने मानवाधिकारों का सम्मान करने के लिए एक स्पष्ट प्रतिबद्धता की है, इसमें श्रमिकों के अधिकार भी शामिल हैं, जैसा कि हमारे समूह-व्यापी आचरण सिद्धांत[1] में वर्णित किया गया है। यह मानवाधिकार नीति इस प्रतिबद्धता को और विस्तार देने की गुंजाइश रखती है ताकि हमारे हितधारकों और हमारे अपने बिजनेस (व्यवसाय) दोनों की जरूरतों को संबोधित किया जा सके। मूलभूत रूप से, बिजनेस (व्यवसाय) करने के सही तरीके और हमारे उद्देश्यों को साकार करने के लिए, मानवाधिकारों का सम्मान करना एक आवश्यक मार्गदर्शक है। उच्च नैतिक मानकों के प्रति प्रतिबद्धता, साथ ही कर्मचारियों, ग्राहकों, आपूर्तिकर्ताओं, तथा हमारे बिजनेस (व्यवसाय) करने वाले स्थानों पर समुदायों के साथ हमारे व्यवहार में पारदर्शिता और ईमानदारी हमें एक जिम्मेदार कॉरपोरेट नागरिक बनने में सहायता करती है।

यह नीति Givaudan के डायरेक्ट ऑपरेशन, तथा हमारी स्वामित्व वाली संस्थाओं और हमारे प्रबन्धन वाले केन्द्रों पर लागू होती है। हम अपने आपूर्तिकर्ताओं से अपेक्षा और उन्हें सपोर्ट (प्रोत्साहित) करते हैं कि मानवाधिकारों एवं श्रमिकों के अधिकारों का सम्मान करने के लिए हम जिस हद तक प्रतिबद्ध हैं, वे भी उनका सम्मान करने के लिए वैसी ही प्रतिबद्धता दिखाएं। इसे हमारी समर्पित जिम्मेदारीपूर्ण सोर्सिंग नीति[2] में वर्णित किया गया है, जो इस नीति के अनुरूप है।

हम मानवाधिकारों का सम्मान करने की हमारी जिम्मेदारी को पहचानते हैं, और UN Guiding Principles for Business and Human Rights (व्यापार और मानव अधिकारों पर संयुक्त राष्ट्र के मार्गदर्शक सिद्धांत), OECD Guidelines for Multinational Enterprises of June 2011 (जून 2011 के बहुराष्ट्रीय उद्यमों के लिए ओईसीडी दिशानिर्देश) और Tripartite Declaration of Principles concerning Multinational Enterprises and Social Policy of March 2017 (मार्च 2017 की बहुराष्ट्रीय उद्यमों और सामाजिक नीति से संबंधित सिद्धांतों की त्रिपक्षीय घोषणा) को पूर्णतया अनुमोदित (एंडोर्स) एवं समर्थन करते हैं।

हम मानवाधिकारों का सम्मान करने एवं उचित सावधानी के साथ काम करने हेतु प्रतिबद्ध हैं ताकि हमारी अपनी गतिविधियों के चलते मानवाधिकारों का कोई उल्लंघन ना हो अथवा किसी उल्लंघन में हमारा कोई योगदान ना हो, तथा दुनिया भर में हमारे कार्यों, उत्पादों या सेवाओं से सम्बन्धित मानवाधिकार उल्लंघन की रोकथाम की जा सके और उनका समाधान किया जा सके। मानवाधिकारों को संदर्भित करने के दौरान हम मानवाधिकारों का अंतर्राष्ट्रीय विधेयक (मानवाधिकारों की सार्वभौम घोषणा सहित) और काम के दौरान मौलिक सिद्धांतों और अधिकारों पर अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन की घोषणा में व्यक्त किए गए अधिकारों का संदर्भ लेते हैं। जब हमारे अपने सिद्धांत एवं कार्य-व्यवहार अनुप्रयोज्य विधान से अधिक सख्त होते हैं और अनुप्रयोज्य मानवाधिकार रूपरेखा के अनुरूप होते हैं, तो हम अपने आंतरिक उच्चतर मानकों को लागू करते हैं।

मानवाधिकारों को बनाए रखने और अनुप्रयोज्य होने पर बढ़ावा देने के प्रति हमारे प्रयास United Nations Global Compact's Ten Principles (संयुक्त राष्ट्र ग्लोबल कॉम्पैक्ट के दस सिद्धांत) तथा WBCSD's CEO Guide to Human Rights (WBCSD की मानवाधिकार संबंधी सीईओ मार्गदर्शिका) के अन्तर्गत हमारी प्रतिबद्धताओं का पालन करने में हमारी सहायता करते हैं, और जिसके लिए हम हस्ताक्षरकर्ता हैं। यह सतत विकास लक्ष्यों को साकार करने के हमारे योगदान का हिस्सा भी है, विशेष रूप से लक्ष्य 2, 3, 5, 6, 8 और 17.



SUSTAINABLE DEVELOPMENT GOALS

2 शून्य भूख — लक्ष्य 2 शून्य भूख

3 श्रेष्ठ स्वास्थ्य और कल्याण — लक्ष्य 3 श्रेष्ठ स्वास्थ्य और कल्याण

5 लैंगिक समानता — लक्ष्य 5 लैंगिक समानता

6 स्वच्छ जल और स्वच्छता — लक्ष्य 6 स्वच्छ जल और स्वच्छता

8 उचित कार्य और आर्थिक वृद्धि — लक्ष्य 8 उचित कार्य और आर्थिक वृद्धि

17 लक्ष्यों के लिए साझेदारी — लक्ष्य 17 लक्ष्यों के लिए पार्टनरशिप

[1] हमारा आचरण सिद्धांत: https://www.givaudan.com/our-company/responsible-business/code-of-conduct

[2] हमारी जिम्मेदार सोर्सिंग नीति: https://www.givaudan.com/files/giv-responsible-sourcing-policy.pdf

# मानवाधिकारों के प्रमुख केंद्र बिंदु क्षेत्र (फोकस एरिया)

उपरोक्त वर्णित किए गए के अनुसार हमारी व्यापक मानवाधिकार प्रतिबद्धता की सीमा के अंदर अन्य के साथ-साथ निम्नलिखित केंद्र बिंदु क्षेत्र Givaudan के लिए सबसे प्रमुख हैं। इन्हें आंतरिक एवं बाहरी दोनों तरह के हितधारकों के साथ हमारे नियमित सतत संपर्क व क्रियाकलापों के हिस्से के रूप में पहचाना गया है।



## उचित कार्य और व्यावसायिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा का अधिकार

हम 'एथिकल ट्रेड इनीशिएटिव' (ETI) के बेस कोड सिद्धांतों[3] का अनुसरण करते हैं, और इनके सभी मानकों का सम्मान एवं अनुपालन करते हैं, जो कि कार्य स्थितियों, व्यावसायिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा, कार्य घंटों, पारिश्रमिक एवं विश्राम समय से सम्बन्धित हैं। हम स्वीकार्य स्थानीय विधिक मानकों तथा 'ETI बेस कोड' के अनुरूप जीवनयापन करने लायक वेतन का भुगतान करते हैं, और हम जिन देशों में काम करते हैं वहाँ के बेंचमार्क के अनुसार नियमित रूप से पारिश्रमिक में संशोधन करते रहते हैं। हम अपने कर्मचारियों से विधिक रूप से स्वीकार्य सीमा से ज्यादा एवं उद्योग मानकों से अधिक घंटों तक कार्य करने की मांग नहीं करते हैं। स्वीकार्य सीमा के अंदर कोई भी ओवरटाइम कार्यपूर्ण रूप से स्वैच्छिक होता है, तथा उसका अलग से भुगतान किया जाता है। हम पर्याप्त जल एवं स्वच्छता सुविधाओं के साथ ही साथ विश्राम के लिए नियमित ब्रेक प्रदान करते हैं।

हम औद्योगिक परिवेशों में तथा खतरनाक रसायनों[4] के साथ कार्य करने सम्बन्धित जोखिमों को प्रबन्धित करने का प्रयास करते हैं। ळपअंनकंद में हमारा लक्ष्य है कि दुर्घटनाएं एकदम शून्य हो जाएं और 'हर कोई प्रतिदिन अपने घर पर सुरक्षित पहुंचे'। हम समझते हैं कि मानसिक स्वास्थ्य हमारे समग्र स्वास्थ्य एवं कल्याण का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है और हम अपने स्वास्थ्य एवं सुरक्षा प्रयासों के हिस्से के रूप में इस पहलू पर विशेष बल देते हैं।

## उपभोक्ता स्वास्थ्य एवं सुरक्षा

हमारे उपभोक्ताओं के मानवाधिकारों का सम्मान करना हमारे प्रयासों का एक प्रमुख हिस्सा है, विशेष रूप से हमारे उत्पादों की सुरक्षा और हमारे उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य अधिकार पर सम्भावित प्रभाव के सम्बन्ध में। हम यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं कि हमारे उत्पाद अभीष्ट उपभोक्ता उपयोग के लिए सुरक्षित हों, और हम सभी अनुप्रयोज्य कानूनों एवं विनियमों का अनुपालन करते हैं। फ्रैगरेंस और फ्लेवर उद्योग की एक प्रमुख कम्पनी के रूप में हम उपभोक्ताओं के कल्याण को सकारात्मक रूप से प्रभावित करने की स्थिति में हैं, और हम ऐसे उत्पाद विकसित करने का लक्ष्य रखते हैं, जो हमारे उद्देश्य के अनुरूप कल्याण पहलू को बढ़ावा दें।

## समानता एवं गैर-भेदभाव

Givaudan में हम अपने पूरे ऑर्गनाइजेशन में समानता अपनाते हैं, और हम एक संतुलित, विविधतापूर्ण, और समावेशी वर्कफोर्स एवं परिवेश निर्मित करने के द्वारा समानता के सिद्धांतों का सम्मान करने के लिए पूर्णतया प्रतिबद्ध हैं। हम मानते हैं कि समानता एवं विविधता से ही नवप्रवर्तन (इनोवेशन) होता है, और इससे हमारे कर्मचारियों, ग्राहकों एवं पार्टनर्स के बीच में एक करीबी सम्बन्ध निर्मित होता है। विशेष रूप से, हम महिलाओं एवं पुरुषों के बीच में एक समान व्यवहार पर जोर देते हैं, और यह मानते हैं कि मानवाधिकारों को बनाए रखने, समतापूर्ण आर्थिक वृद्धि हासिल करने और समाज में सामाजिक विकास को बढ़ावा देने के लिए महिलाओं का सशक्तीकरण बहुत महत्वपूर्ण है। हम एक समान वैल्यू वाले कार्य के लिए एक समान भुगतान के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमारे डायरेक्ट ऑपरेशन (प्रत्यक्ष संचालन) से परे जाते हुए, अपने विभिन्न कंपनी कार्यक्रमों के माध्यम से समान अवसरों एवं महिलाओं के सशक्तीकरण को बढ़ावा देने के लिए हम अपने सप्लाई चेन में संभावनाएं तलाशते हैं और महिलाओं को अवसर प्रदान करते हैं।

हम किसी भी प्रकार के भेदभाव से मुक्त होने के अधिकार का सम्मान करते हैं, तथा सभी पृष्ठभूमि एवं लिंग वाले व्यक्तियों की सफलता के लिए समान अवसर सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम कर्मचारियों को, निष्पादित किए जाने वाले काम के लिए आवश्यक योग्यता एवं क्षमता के आधार पर ही भर्ती, नियुक्ति एवं पदोन्नति करते हैं, भले ही उनकी नस्ल, रंग, आयु, लिंग, राष्ट्रीय उद्भम, धर्म, लैंगिक उन्मुखता या परफॉर्मेंस के लिए अप्रासंगिक कोई अन्य श्रेणी चाहे जो भी हो, तथा हम अपेक्षा करते हैं कि हमारे आपूर्तिकर्ता भी ठीक ऐसा ही करें।

[3] हमारी सामाजिक जिम्मेदारी स्थिति विवरणः https://www.givaudan.com/files/giv-ps-social-responsibility.pdf

[4] हमारी स्वास्थ्य एवं सुरक्षा नीतिः https://www.givaudan.com/files/giv-ps-environment-health-safety.pdf

# मानवाधिकारों के प्रमुख केंद्र बिंदु क्षेत्र (फोकस एरिया)

## संगठन और सामूहिक मोलभाव की स्वतंत्रता

हम प्रत्येक व्यक्ति के संगठन बनाने की स्वतंत्रता एवं सामूहिक मोलभाव के अधिकार का सम्मान करते हैं। हमारा लक्ष्य एक ऐसे परिवेश का निर्माण करना है जहाँ पर नियोक्ता एवं कर्मचारी एक दूसरे की चुनौतियों को बेहतर तरीके से समझ सकें और उनका समाधान करने के तरीके खोज सकें, विशेष तौर पर यह देखते हुए कि हमारी वैश्विक वर्कफोर्स एक अन्तरराष्ट्रीय बाजार में ऑपरेट करती है और उसे बहुत तेजी से हो रहे बदलावों के अनुरूप स्वयं को ढालने में सक्षम होना चाहिए। ऐसा बिना किसी दबाव के चुने गए कर्मचारी प्रतिनिधियों के साथ ईमानदारीपूर्ण संवाद स्थापित करने के द्वारा किया जाता है।

## बाल श्रम निषेधित

हम किसी भी प्रकार के बाल श्रम शोषण का प्रयोग नहीं करते हैं, ना ही सहन करते हैं, तथा हम बच्चों को उनकी अनिवार्य शिक्षा पूर्ण करने से पहले नौकरी नहीं देते हैं और 15 वर्ष की आयु पूर्ण करने से पहले तो किसी भी स्थिति में नहीं। यह बात ळपअंनकंद के अंदर नियोजन पर लागू होती है, और हम अपेक्षा करते हैं कि हमारे साथ काम करने वाले पार्टनर्स और आपूर्तिकर्ता भी इसका पालन करें। जहाँ पर यह पाते हैं कि युवा श्रमिक व्यवसाय संबंधी गतिविधियों में कार्यरत हैं, परन्तु वे विधिक रूप से बाल श्रम की श्रेणी में नहीं आते हैं, ऐसी स्थिति में भी हम हितधारकों के प्रशिक्षण एवं शिक्षण की दिशा में कार्य करते हैं जिस से यह सुनिश्चित किया जा सके कि युवा श्रमिक हमेशा सुरक्षित रहें और उनके शिक्षा के अधिकार का अतिक्रमण ना हो।

## कोई बाध्य श्रम, अनिवार्य श्रम या मानव तस्करी नहीं

बाध्य एवं अनिवार्य श्रम के सभी रूप हमारे सिद्धांतों के विरुद्ध हैं। हम किसी भी प्रकार के शोषण या बाध्य या अनिवार्य श्रम समेत प्रिजन लेबर, इनडेंचर्ड लेबर, बॉण्डेड लेबर, स्लेव लेबर या किसी भी प्रकार की मानव तस्करी का प्रयोग नहीं करते हैं ना ही इसे सहन करते हैं, तथा हम अपेक्षा करते हैं कि हमारे आपूर्तिकर्ता भी इसका पालन करें।

## मुफ्त, पूर्व एवं सूचित सहमति (थ्च्प्ब्) और भूमि अधिकार

हम मानते हैं कि भूमि, पहचान एवं संस्कृति के स्रोत का प्रतिनिधित्व करती है, और यह एक बहुत ही मूल्यवान आर्थिक परिसम्पत्ति है। हम किसी भी व्यक्ति या समूह समेत मूल-निवासियों या स्थानीय समुदायों के सम्पत्ति एवं भूमि के टाइटल एवं अधिकार समेत उनके सांस्कृतिक अधिकारों तथा आत्म-निर्णय तथा इस संदर्भ में गैर-भेदभाव के अधिकार का सम्मान करते हैं। इसलिए हम किसी भी प्रकार से जमीन पर कब्जा, जल, वन या खनिज संपदा पर कब्जा का प्रयोग नहीं करते हैं, जो हमारी नजरों में मानवाधिकारों का सर्वांगी उल्लंघन है। ऐसे व्यक्तियों या समूहों की सम्पत्ति या भूमि से सम्बन्धित कोई भी निगोशिएशन (बातचीत) समेत उसके उपयोग एवं ट्रांसफर (हस्तांतरण) के लिए हम मुफ्त, पूर्व एवं सूचित सहमति (थ्च्प्ब्) के सिद्धांतों, संविदा पारदर्शिता एवं प्रकटीकरण का प्रयोग करते हैं।

## जहाँ हम कार्यरत हैं वहाँ के समुदायों के अधिकार

हम अपनी गतिविधियों से प्रभावित होने वाले समुदायों के लोगों के मानवाधिकारों का सम्मान करते हैं और समझते हैं कि संवदेनशील एवं मार्जिनलाइज्ड यानी हाशिये के समूहों पर विशेष रूप से ध्यान देने की आवश्यकता है। हम प्रतिकूल मानवाधिकार प्रभावों की पहचान करना चाहते हैं और उनसे बचने, उन्हें कम करने तथाध्अथवा उनका शमन करने के लिए उपयुक्त कदम उठाना चाहते हैं। हम हितधारक संवाद में अपने समुदायों के साथ नियमित एवं सुव्यवस्थित रूप से जुड़ते हैं और साथ ही उनकी जरूरतों को बेहतर ढंग से समझते हैं। हमारे सामुदायिक जुड़ाव एवं विभिन्न कम्पनी कार्यक्रमों[5] के माध्यम से, हम अपने प्रचालन क्षेत्रों में रहने वाले समुदायों के मानवाधिकारों पर एक सकारात्मक प्रभाव डालने के लिए और अधिक प्रयास करते हैं।



[5] हमारे सामुदायिक प्रयासः http://www.givaudan-foundation.org/

# हमारी क्रियान्वयन यात्रा

## उचित सावधानी एवं हितधारक इंगेजमेंट

इस नीति को व्यवहार में लाने के लिए हम मानवाधिकार प्रभावों की निरंतर पहचान करने, उनसे बचने और उनका समाधान करने हेतु कार्य करते हैं, अपने उपायों की प्रभावशीलता पर लगातार नजर रखते हैं और समय-समय पर अपनी परफॉर्मेंस (प्रदर्शन) की रिपोर्ट तैयार करते हैं।

हम महसूस करते हैं कि हम एक सतत सुधार की यात्रा पर हैं। हम जिस परिवेश में प्रचालन कर रहे हैं, वह निरन्तर बदल रहा है, और उसी के अनुरूप हमें अपनी प्रतिक्रिया के तरीके की नियमित रूप से समीक्षा करने की आवश्यकता है। हम यह भी समझते हैं कि मानवाधिकार ऐसे मामले नहीं हैं, जिनका समाधान हम अकेले कर सकते हैं। हमें सरकारों, गैर सरकारी संगठनों, हमारे कर्मचारियों, आपूर्तिकर्ताओं, ग्राहकों, समुदायों एवं अन्य सभी प्रासंगिक हितधारकों के साथ मिलकर काम करने की आवश्यकता है। हमारी जिम्मेदारीपूर्ण सोर्सिंग नीति पहले ही यह सुनिश्चित करने का प्रयास करती है कि हमारे आपूर्तिकर्ता इस नीति में वर्णित सिद्धांतों का अनुपालन करें।

हम एक समूह-व्यापी मानवाधिकार कार्यक्रम क्रियान्वित कर रहे हैं, जिसमें हितधारक संवाद के हिस्से के रूप में संवेदनशील या मार्जिनलाइज्ड यानी हाशिये के समूहों की पहचान करने और उनके साथ जुड़ने के लिए मानवाधिकार मूल्यांकन एवं उपाय भी शामिल होंगे।

## पॉलिसी उल्लंघन का उपचार

किसी भी प्रकार से मानवाधिकार के हनन के लिए हमारे यहां शून्य सहनशीलता है और हम प्रशासन, शिकायत एवं उपचार तंत्रों का सख्ती से पालन करते हैं जिस से हमारे सिद्धांतों एवं प्रतिबद्धताओं का अनुपालन सुनिश्चित किया जा सके।

हम चिंताएं प्रकट करने के लिए विभिन्न प्रकार के तंत्र प्रदान करते हैं। कर्मचारी इस नीति से सम्बन्धित चिंताएं गुप्त रूप से किसी स्थानीय अनुपालन अधिकारी, कॉरपोरेट अनुपालन अधिकारी या विधि विभाग के पास, या हमारी आंतरिक अनुपालन हेल्पलाइन के माध्यम से प्रकट कर सकते हैं। तृतीय पक्ष किसी मुद्दे के बारे में गुप्त रूप से समूह नैतिकता एवं अनुपालन प्रमुख को इस आईडी पर ईमेल से सूचित कर सकते हैं: global.compliance@givaudan.com.

सभी मुद्दों को गोपनीय रूप से हैंडल किया जाएगा, जो ळपअंनकंद की जाँच-पड़ताल करने की आवश्यकता के अनुरूप होगा, विधिक आवश्यकता के अनुरूप होगा, तथा आवश्यक होने पर कानून प्रवर्तन अधिकारियों के साथ सहयोग में होगा। ळपअंनकंद सद्भावना के साथ किसी गलत काम के संबंध में रिपोर्ट करने वाले या परामर्श मांगने वाले किसी भी व्यक्ति के विरुद्ध किसी भी प्रकार की प्रतिकार की कार्रवाई को सहन नहीं करता है।

## प्रशासन

प्रत्येक मानवाधिकार केंद्र बिंदु क्षेत्र के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को क्रियान्वित करने की जिम्मेदारी को आंतरिक प्रबन्धन द्वारा प्रबन्धित किया जाता है। हम अपनी मानवाधिकार प्रतिबद्धताओं को बनाए रखें, यह सुनिश्चित करने के लिए समग्र उत्तरदायित्व हमारे चीफ एक्जीक्यूटिव ऑफिसर (मुख्य कार्यकारी अधिकारी) का है, उनके सहयोग के लिए हमारी एक्जीक्यूटिव कमिटी (कार्यकारी समिति) है।

मानवाधिकार प्रबन्धन के लिए यह व्यापक प्रशासन संरचना यह सुनिश्चित करती है कि व्यवसाय का प्रत्येक भाग अपनी जिम्मेदारियां समझे और मानवाधिकार का सम्मान करने के प्रति अपने योगदान को बनाए रखे।



**Calvin Grieder**
चेयरमैन





**Gilles Andrier**
चीफ एक्जीक्यूटिव ऑफिसर
(मुख्य कार्यकारी अधिकारी)

